# अमेरिकी लोगों की पसंद बन रहे यूपी के उत्पाद

■ अजित खरे

लखनऊ। यूपी के उत्पाद अमेरिकी लोगों को खूब भाने लगे हैं। यही कारण है कि यूपी से होने वाले निर्यात में सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका का ही है। यहां से 32,815 करोड़ रुपये के उत्पाद वित्तीय वर्ष 2022-23 में अमेरिका भेजे गए। इन उत्पादों में सिले सिलाए वस्त्र, चर्म उत्पाद, कालीन, मीट, हस्तशिल्प उत्पाद प्रमुख हैं। दो साल पहले केवल 20 हजार करोड़ रुपये के उत्पाद अमेरिका भेजे गए थे। अगले दो साल में निर्यात को बढ़ाकर 60 हजार करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य रखा गया है।




## गौतमबुद्धनगर टॉप 10 में

विदेश व्यापार महानिदेशालय के मुताबिक देश के दस शीर्ष निर्यातक शहरों में जामनगर नंबर एक पर है। इसकी कुल निर्यात में हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से अधिक है। जबकि यूपी के गौतमबुद्धनगर की हिस्सेदारी 2.28 प्रतिशत है और यूपी के इस जिले का स्थान टॉप टेन सूची में सातवें नंबर पर है।

## यूपी से निर्यात की स्थिति

| उत्पाद | करोड़ रुपये में |
|---|---|
| इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद | 29699 |
| परिधान | 15018 |
| मीट | 14860 |
| चर्म उत्पाद | 9937 |
| आयरन व स्टील | 6561 |
| मैकेनिकल संयंत्र | 6329 |
| आटो कलपुर्जे | 5646 |
| एल्युमिनियम से बने उत्पाद | 5622 |

अमेरिका के बाद सर्वाधिक उत्पाद संयुक्त अरब अमीरात को भेजे जाते हैं। इसके बाद नेपाल, जर्मनी, यूके को सामान निर्यात होता है। यूपी से होने वाला निर्यात भी लगातार बढ़ता जा रहा है। 2015-16 में यहां से 84 हजार करोड़ रुपये के सामान का निर्यात होता था, अब यह आंकड़ा 1,74,037.01 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के पहले दो महीने में ही अभी तक 18457 करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात विभिन्न देशों हो चुका है। निर्यात के मामले में यूपी का पूरे देश में पांचवां स्थान है।